# उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र,

चतुर्थ तल, जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ-226001

पत्रांकः टीएससी-101/2009(II)

सेवा में,

दिनांकःसितम्बर 23,2014

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक,
समस्त जंनपदीय पुलिस प्रभारी,
उ0प्र0।

कृपया अवगत कराना है कि पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण ने पत्र संख्याः प्रनि-762-2012/5217 दिनांकः 12-09-2014 के द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए के सम्बन्ध में प्रशिक्षण ***01 अक्टूबर-2014 से प्रारम्भ होगा तथा सम्बन्धित अभ्यर्थी अपनी-अपनी आमद दिनांकः 30-09-2014 को समय 12.00 बजे तक प्रशिक्षण संस्थान में करायेंगे इस आशय के निर्देश निर्गत किये गये हैं।***

2- पुलिस उपमहानिरीक्षक, डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद के पत्र संख्याः सीए-एडीजी-6/2014 दिनांकः 12-09-2014 में वर्णित किया गया है कि मैस एडवान्स हेतु रू0 5000/-, वर्दी एवं अन्य कार्य हेतु रू0 5000/- एवं बिस्तर (ऋतु के अनुसार ओढने एवं पहनने के बस्त्र, बेडशीट, मच्छरदानी आदि) आगमन करते समय साथ लेकर आयेंगे।

3- उपर्युक्त के दृष्टिगत अनुरोध है कि आप अपने अधिनस्थ कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए को सूचित करते हुए निर्देशित कर दें कि उपरोक्त प्रशिक्षण के प्रस्थान के समय मैस एडवान्स हेतु रू0 5000/- वर्दी एवं अन्य कार्य हेतु रू0 5000/- एवं बिस्तर (ऋतु के अनुसार ओढने एवं पहनने के बस्त्र, बेडशीट, मच्छरदानी आदि) साथ लेकर जाना होगा, जिसकी सम्पूर्ण तैयार कर लें, ताकि अल्प अबधि में सूचित करने पर आप प्रशिक्षण हेतु अविलम्ब प्रस्थान कर सकें। किस अभ्यर्थी को किस प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु भेजा जाएगा, इस सम्बन्ध में अलग से अवगत कराया जाएगा, तद्नुसार आप कार्मिकों को अल्प समय में रवाना करने का कष्ट करें।

**(प्रदीप कुमार यादव)**
पुलिस अधीक्षक/सहायक निदेशक,
उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र,
लखनऊ।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1- पुलिस महानिरीक्षक, समस्त जोन, उत्तर प्रदेश।
2- पुलिस उपमहानिरीक्षक, तकनीकी सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ।
3- पुलिस उपमहानिरीक्षक, समस्त परिक्षेत्र, उत्तर प्रदेश।